श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 128, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 14 दिसम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# पाकिस्तानी सेना ने दागे मोर्टार और तोप के गोले, भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई में कई चौकियां तबाह

**जम्मू-कश्मीर में जारी जिला विकास परिषद चुनाव में खलल डालने के लिए पाकिस्तानी सेना पुंछ और कठुआ में लगातार गोलाबारी कर मोर्टार दाग रही है। दूसरे दिन रविवार को भी पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले के देगवार सेक्टर में गोलाबारी के साथ मोर्टार और तोप के गोले दागे।**



**जागरण संवाददाता, पुंछ।** जम्मू-कश्मीर में जारी जिला विकास परिषद चुनाव में खलल डालने के लिए पाकिस्तानी सेना पुंछ और कठुआ में लगातार गोलाबारी कर मोर्टार दाग रही है। दूसरे दिन रविवार को भी पाकिस्तानी सेना ने पुंछ जिले के देगवार सेक्टर में गोलाबारी के साथ मोर्टार और तोप के गोले दागे। भारतीय सेना की ओर से जवाबी कार्रवाई में पाक सेना की कई चौकियों को नुकसान पहुंचा है। गोलाबारी की चपेट में कई रिहायशी इलाके आए, लेकिन कोई नुकसान नहीं हुआ है। दोनों तरफ से देर शाम तक लगातार गोलाबारी जारी थी।

इससे पूर्व शनिवार को भी पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ के बालाकोट सेक्टर में गोलाबारी की थी। जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब 5:40 बजे पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ जिले के देगवार सेक्टर में भारतीय सेना की अग्रिम चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलाबारी के साथ मोर्टार दागने शुरू कर दिए। सतर्क भारतीय सेना ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, जिसमें पाक सेना की कई चौकियों को नुकसान पहुंचा है। इस पर बौखलाई पाक सेना ने मोर्टार के साथ तोप के गोले दागने शुरू कर दिए, जो पुंछ जिला मुख्यालय से थोड़ी दूरी पर नाले में गिरे। गोलाबारी से नियंत्रण रेखा पर डर का माहौल बन गया और लोग रोजमर्रा का कार्य छोड़ कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं।

शनिवार रात करीब दस बजे पाक सेना ने अपनी ठाकुरपुरा पोस्ट से भारतीय क्षेत्र की पानसर रठुआ पोस्ट को निशाना बनाकर गोलाबारी शुरू कर दी, जो रविवार सुबह पौने चार बजे तक रुक-रुक कर जारी रही। बीएसएफ की 19वीं बटालियन के जवानों ने भी गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। गोलाबारी की आशंका से लोग शाम को ही परिवार सहित बंकरों के अंदर चले गए थे, जिस कारण वे सुरक्षित रहे। मनियारी, चक चंगा, करोल कृष्णा के बाद अब पाकिस्तान पानसर व रठुआ गांवों को भी निशाना बना रहा है।

## 15 दिनों की लड़ाई के लिए हथियार व गोला-बारूद रख सकेंगे सुरक्षाबल

**नई दिल्ली, एएनआइ।** चीन के साथ तनाव के बीच भारत ने बड़ा कदम उठाया है। सुरक्षाबलों को अब 15 दिनों के युद्ध के लिए हथियारों और गोला-बारूद का स्टॉक तैयार करने का अधिकार दे दिया गया है। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी तनातनी के बीच इस नए अधिकार और आपातकालीन खरीद की शक्तियों का उपयोग करते हुए स्थानीय और विदेशी स्रोतों से रक्षा उपकरण और गोला-बारूद के अधिग्रहण के लिए 50,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किया जाएगा। यह कदम चीन व पाकिस्तान के साथ टू-फ्रंट वॉर की संभावनाओं को देखते हुए पुख्ता तैयारी की दिशा में देखा जा रहा है। अब तक सेना के पास 10 दिन के युद्ध के लिए स्टॉक जमा करने की छूट थी। समाचार एजेंसी एएनआइ से सरकारी सूत्रों ने बताया कि दुश्मनों के साथ 15 दिन के युद्ध के लिए स्टॉक तैयार करने के लिए अब कई हथियार प्रणाली और गोला-बारूद का अधिग्रहण किया जा रहा है। 10 दिन के बजाय अब 15 दिनों तक के लिए स्टॉकिंग होगी। उन्होंने कहा कि रक्षा बलों के लिए स्टॉक की सीमा बढ़ाने की मंजूरी कुछ समय पहले ही दी गई थी। सशस्त्र बलों को पहले 40-दिन के युद्ध के लिए स्टॉक रखने की अनुमति थी, लेकिन हथियारों और गोला-बारूद के भंडारण में आने वाली दिक्कतों के साथ-साथ युद्ध के बदलते स्वरूप के कारण इसे कम करके 10 दिन कर दिया गया। उरी हमले के बाद, यह महसूस किया गया कि युद्ध के लिए स्टॉक कम है और तत्कालीन मनोहर परीकर के नेतृत्व वाले रक्षा मंत्रालय ने सेना, नौसेना और वायु सेना के उपाध्यक्षों की वित्तीय शक्तियों को बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये से 500 करोड़ कर दिया।

तीनों सेनाओं को किसी भी उपकरण को खरीदने के लिए 300 करोड़ रुपये की खरीद के लिए आपातकालीन वित्तीय अधिकार भी दिए गए। इसके माध्यम से वे युद्ध लड़ने में काम आने वाला कोई भी उपकरण खरीद सकते हैं। रक्षा बल कई हथियारों, मिसाइलों और प्रणालियों की खरीद कर रहे हैं, ताकि दोनों विपरीत परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्रवाई की जा सके।

# शीतलहर की चपेट में पहाड़, मैदानी इलाके कांपे, कोहरे में लिपटी दिल्ली

**जागरण टीम, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी के चलते शीतलहर की स्थिति है। वहीं पहाड़ों में बर्फबारी के चलते उत्तर भारत के मैदानी राज्य भी जबर्दस्त ठंड की चपेट में हैं। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दो तीन दिनों में देश के कई भागो में न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिर सकता है। रविवार को दिल्ली पूरी तरह घने कोहरे के आगोश में रही। इसके चलते दृश्यता काफी कम रही और आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



एक दिन पहले हल्की बारिश के बाद रविवार को दिल्ली सुबह कोहरे की चादर में लिपटी रही। इस वजह से कई इलाकों में दृश्यता बहुत कम रही, जिसका असर वाहनों के आवागमन पर भी पड़ा। बर्फीली हवा चलने के कारण न्यूनतम तापमान में 3.3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई और अधिकतम तापमान भी सामान्य से तीन डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। इस वजह से 13 दिसंबर का दिन पिछले पांच सालों में सबसे अधिक ठंडा रहा। दिल्ली में अधिकतम तापमान इस सीजन का न्यूनतम 20.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। यही स्थिति दिल्ली से सटे उप्र के गौतमबुद्धनगर और गाजियाबाद में रही।

### लेह में माइनस 12.2 डिग्री लुढ़का पारा, ठंड कर रही बेहाल

बर्फबारी के बाद ठंड अपना रंग दिखाने लगी है। लेह में न्यूनतम तापमान माइनस 12.2 डिग्री, जबकि अधिकतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस रहा। लेह में शनिवार की रात सबसे ठंडी रही। वहीं कारगिल का न्यूनतम तापमान माइनस 12.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में रात को तापमान शून्य तक पहुंच गया है। मैदानी इलाकों में भी पारे में गिरावट आई है। शनिवार को उत्तरकाशी जिले की हर्षिल घाटी में जमकर हिमपात हुआ। इससे हर्षिल के निकट गंगोत्री हाईवे भी बाधित है। रविवार को सीमा सड़क संगठन की टीम दिनभर हाईवे से बर्फ हटाने में जुटी रही।

जम्मू संभाग में सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर को हल्की धूप निकली, लेकिन ठंड पिछले दिनों की तुलना में अधिक रही। जम्मू-कश्मीर के निचले क्षेत्रों में शुक्रवार को पड़ी बर्फ पिघलने से ठंड अपना रंग दिखाने लगी है। वहीं जम्मू संभाग में सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर को हल्की धूप निकली, लेकिन ठंड पिछले दिनों की तुलना में अधिक रही। लेह की रात सबसे ठंडी रही और न्यूनतम तापमान लुढक कर-12.2 डिग्री सेल्सियस तक आ गया। अधिकतम तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं कारगिल का न्यूनतम तापमान भी शून्य से 12.6 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। अधिकतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस रहा। ठंड के चलते लेह कारगिल में जन जीवन थम सा गया है।

बर्फ से ढके जम्मू कश्मीर के दूरदराज इलाकों में जिला विकास परिषद के छठे चरण के मतदान ने माहौल को गर्माहट दी। प्रदेश में जिला विकास परिषद की 31 सीटों के लिए रविवार को हुए मतदान में मतदाताओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदेश में 51.5 फीसद मतदान हुआ। कश्मीर में मतदान में खलल डालने के दुश्मन के मंसूबों को नाकाम बनाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। कड़ाके की ठंड में विकास की उम्मीद लिए मतदान केंद्रों में पहुंचे ग्रामीणों का उत्साह देखते बन रहा था। बर्फ के बीच मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें नजर आई।

साल 2021 की जनवरी में 12 कोल्ड डे का प्रकोप रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक जनवरी में 12 दिन अधिकतम तापमान 16 डिग्री से कम रह सकता है। पांच दिन तक शीतलहर और 14 दिन घना कोहरा पड़ सकता है। साल की शुरूआत में ही कुछ जगह बारिश के आसार हैं। ऐसे में बुजुर्ग, बच्चों व सांस के रोगियों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। 16 डिग्री से कम तापमान इसलिए घातक है कि दिन के समय समय अधिकतर लोग घरों से बाहर होते हैं। ऐसे में लोगों के ठंड से प्रभावित होने का खतरा अधिक है।

मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि दिसंबर माह में करीब 17 दिन शेष हैं। इसमें दो से तीन दिनों तक शीतलहर व 12 से 14 दिन कोहरा पड़ सकता है। इसमें 7 से 8 दिन घना कोहरा के आसार हैं। चार दिन कोल्ड डे रहने का पूवार्नुमान है। इसमें वातावरण में 75 फीसद से अधिक नमी रह सकती है।

# असम में सरकारी मदरसे और संस्कृत स्कूल हो जाएंगे बंद, राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी

**गुवाहाटी, एजेंसियां।** असम में सरकार संचालित सभी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों को बंद करने के प्रस्ताव को राज्य कैबिनेट ने रविवार को मंजूरी दे दी। राज्य विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में इस सिलसिले में एक विधेयक लाया जाएगा। असम के संसदीय मामलों के मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने कहा कि मदरसों और संस्कृत स्कूलों से संबंधित मौजूदा कानून को निरस्त किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा के आगामी सत्र में एक विधेयक पेश किया जाएगा। असम विधानसभा का शीतकालीन सत्र 28 दिसंबर से शुरू हो रहा है।



असम के शिक्षा मंत्री हिमंत बिस्व सरमा के अनुसार, राज्य में 610 सरकार संचालित मदरसे हैं और इनके संचालन में हर वर्ष 260 करोड़ रुपये खर्च किए जाते हैं। इसके अलावा असम में लगभग 1,000 मान्यता प्राप्त संस्कृत विद्यालय हैं। इनमें से लगभग 100 सरकारी सहायता प्राप्त हैं और राज्य सरकार इन संस्कृत स्कूलों पर वार्षिक तौर पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च करती है। बिस्व सरमा के मुताबिक, सरकारी मदरसों को या तो नियमित स्कूलों में तब्दील किया जाएगा या उन्हें बंद कर दिया जाएगा।

### कैबिनेट की बैठक में शामिल नहीं हुए बीपीएफ के मंत्री

बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद में भाजपा द्वारा यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) से हाथ मिलाने का असर शीर्ष स्तर पर भी देखा गया। सरकार में शामिल बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के सदस्य कैबिनेट की बैठक से अनुपस्थित रहे। सबानंद सोनोवाल सरकार में बीपीएफ के तीन मंत्री शामिल हैं। संसदीय मामलों के मंत्री चंद्रमोहन पटवारी ने कहा कि बीपीएफ के मंत्री कैबिनेट की बैठक से गैरहाजिर रहे। हमें नहीं मालूम कि उन्होंने बैठक में भाग क्यों नहीं लिया।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा हुए कोरोना संक्रमित, खुद ट्वीट कर दी जानकारी

**नई दिल्ली, एएनआइ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा है कि कोरोना के शुरूआती लक्षण दिखने पर मैंने टेस्ट करवाया और रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेरी तबीयत ठीक है, डॉक्टर्स की सलाह पर होम आइसोलेशन में सभी दिशानिर्देशों का पालन कर रहा हूं। मेरा अनुरोध है, जो भी लोग गत कुछ दिनों में संपर्क में आयें हैं, कृपया स्वयं को आइसोलेट कर अपनी कोरोना की जांच करवाएं। इधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के कोरोना पॉजिटिव होने के बारे में कहा कि उनके संक्रमित होने के बारे में



पता चला। वो जल्द ही ठीक और स्वस्थ हों। ऐसे समय में मेरी प्रार्थनाएं उनके और उनके परिवार के साथ हैं। यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मबल एवं धैर्य से आप शीघ्र ही कोविड संक्रमण से पूरी तरह मुक्त होंगे। प्रभु श्री राम से आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ।

बता दें कि कोरोना संक्रमण में आने से पहले जेपी नड्डा बंगाल के दौरे पर थे। यहां उनके काफिले पर हमला हुआ था। इसके बाद वहां की वर्तमान सरकार और राज्यपाल के बीच तीखी जुबानी जंग मीडिया की सुर्खियों में रहे। वहीं, केंद्र सरकार ने इस हमले पर सख्त रुख अपनाते हुए वहां तैनात पुलिस अधिकारियों को दिल्ली भी तलब किया है, जिसके बाद राज्य सरकार ने इसे राजनीति करार दिया।बिहार चुनाव के दौरान महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और बिहार चुनाव प्रभारी देवेंद्र फडणवीस, पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन, राजीव प्रताप रूडी, सुशील मोदी और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। पांचों बड़े नेता पार्टी के स्टार प्रचारक थे।

गौरतलब है कि हाल के दिनों में कई नेता कोरोना पॉजिटिव हो चुके हैं। पूर्व में उप राष्ट्रपति वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, स्मृति ईरानी, नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, श्रीपद नायक, रामदास अठावले, अर्जुन मेघवाल, एमपी के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया, दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव कोरोना संक्रमित पाए गए थे। हाल ही में कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, सचिन पायलट, अहमद पटेल, पीएल पुनिया और आरपीएन सिंह भी कोरोना संक्रमित पाए गए थे। बाद में अहमद पटेल की कोरोना वायरस से मौत हो गई। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास भी कोरोना पॉजिटिव रहे हैं।

# बीते 24 घंटे में 30 हजार से ज्यादा नए केस की पुष्टि, 33 हजार अधिक मरीज हुए ठीक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में कोरोना वायरस की रफ्तार धीमी पड़ गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में 30 हजार 254 नए मामले सामने आए हैं और 391 लोगों की मौत हो गई। वहीं इस दौरान 33 हजार 136 मरीज ठीक भी हुए। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के मुताबिक इस दौरान 10 लाख 14 हजार 434 सैंपल टेस्ट हुए। पिछले सात दिनों से देश में एक्टिव केस चार लाख से कम है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में अब तक कुल 98 लाख 57 हजार 029 मामले सामने आ गए हैं। वहीं एक लाख 43 हजार 019 लोगों की मौत हो गई है। एक्टिव केस तीन लाख 56 हजार 546 है। कुल अब तक 93 लाख 57 हजार 464 मरीज सक्रमण को हरा चुके हैं। आइसीएमआर के अनुसार 15 करोड़ 37 लाख 11 हजार 833 सैंपल टेस्ट हो गए हैं। कुल मामलों का एक्टिव केस 3.62 फीसद है, तो वहीं रिकवरी रेट 94.93 फीसद है। डेथ रेट 1.45 फीसद है।

महाराष्ट्र कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य है। यहां 74 हजार 638 एक्टिव केस हैं। कुल अब तक 18.76 लाख मामले सामने आ गए हैं और 48,139 लोगों की मौत हो गई है। वहीं केरल में 60 हजार 177 एक्टिव केस हैं। यहां कुल मामलों की संख्या 6.64 लाख हो गई है और 2,594 लोगों की अब तक मौत हो चुकी है। दिल्ली में 17 हजार 373 एक्टिव केस हैं। राष्ट्रीय राजधानी में अब तक कुल 6.05 लाख मामले सामने आ गए हैं और 9,981 लोगों की मौत हो गई है।

# किसानों से गतिरोध खत्म करने के लिए नई रणनीति बनाने में जुटी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों से टकराव बढ़ता देख सरकार नई रणनीति बनाने में जुट गई है। प्रदर्शन उग्र करने की किसानों की तैयारी के बीच रविवार को कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर परिस्थितियों पर चर्चा की। इस दौरान पंजाब से कुछ भाजपा नेता भी मौजूद रहे। तोमर, सोम प्रकाश और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल केंद्र की ओर से प्रदर्शनकारी किसानों से बात कर रहे हैं।



इस बीच, कानून के समर्थन में उत्तराखंड से आए 100 से ज्यादा किसानों से बात करते हुए कृषि मंत्री तोमर ने नए कृषि कानूनों के खिलाफ दुष्प्रचार के लिए विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों से शुरूआत में कुछ परेशानी लग सकती है, लेकिन आगे चलकर ये किसानों के लिए बहुत लाभकारी साबित होंगे। किसानों के साथ इस बैठक में कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी और उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे भी उपस्थित रहे।

तोमर ने कहा, 'सरकार ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा हटाया, तब भी विरोध हुआ। संशोधित नागरिकता कानून लाया गया, तब भी विरोध हुआ। कृषि सुधार किए गए, तब भी विरोध हुआ। कुछ लोग हैं जो केवल विरोध करते हैं और देश को कमजोर करते हैं। यह उनका स्वभाव बन गया है।' उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में सुधारों को लेकर चर्चा पिछले कई वर्षो से चल रही थी। दुर्भाग्य से पिछली सरकारें इस दिशा में कदम नहीं उठा पाई। कृषि मंत्री ने कहा कि सुधारों से शुरूआत में कुछ लोगों को मुश्किल का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन लंबी अवधि में ये कदम लाभकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योजनाएं तत्काल असर के बारे में सोचकर नहीं बनाते हैं, बल्कि उनका लक्ष्य दीर्घकालिक होता है। एक अच्छी सरकार सिर्फ मौजूदा समय में देश की सुरक्षा के बारे में नहीं, बल्कि अगले सौ साल तक विकास सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ काम करती है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि किसानों के लिए सरकार के दरवाजे खुले हैं। सरकार उनकी चिंताओं पर बात करने के लिए तैयार है। मौजूदा आंदोलन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार लगातार परिस्थितियों पर नजर रखे हुए है।

# जनजागरण अभियानः किसानों को खुश करने में जुटी भाजपा

**उज्जैन, राज्य ब्यूरो।** मध्यप्रदेश सरकार किसानों को खुश करने में जुट गई है। इसके तहज उज्जैन में 15 दिसंबर को बड़ा किसान सम्मेलन होने जा रहा है। यह आगर रोड स्थित सामाजिक न्याय परिसर में होगा। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री थावरचंद गेहलोत शामिल होंगे और किसानों को संबोधित कर भाजपा सरकार की बात रखेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कृषि में सुधारों के लिए बनाए गए नए कृषि कानूनों को लेकर भाजपा देशभर में जनजागरण अभियान चला रही है। इसी क्रम में देश के 100 स्थानों पर किसान सम्मेलन होंगे। उज्जैन संभाग में किसान सम्मेलन 15 दिसंबर को दोपहर एक बजे सामाजिक न्याय परिसर में होगा। इसे लेकर भाजपा ने एक बैठक ली। जिला सह-मीडिया प्रभारी पंकज चौहान ने बताया कि बैठक में पूरी कार्ययोजना बनाई गई। जिले से 22 हजार किसान शामिल होंगे। कृषि कानूनों को लेकर मंडियों के बंद होने का जो भ्रम फैलाया जा रहा है, उससे उलट मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार कृषि उपज मंडियों को स्मार्ट मंडियों में तब्दील करने जा रही है। आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के रोडमैप में मंडियों में ही किसानों को खेती से लेकर रोजमर्रा के उपयोग की सभी चीजें एक छत के नीचे उपलब्ध कराने की योजना है। इसके लिए 'शॉपिंग मॉल' बनाए जाएंगे। इनमें खाद, बीज, दवा, किराना, कपड़े से लेकर अन्य वस्तुएं वाजिब दाम पर मिलेंगी। बिचौलियों को हटाकर सीधे कंपनियों से सामान खरीदा जाएगा, इससे वह बाजार की तुलना में सस्ता पड़ेगा।

# ग्रामीण अंचल

प्रयागराज सोमवार, 14 दिसम्बर, 2020

## संक्षेप समाचार

### अन्नदाता की अनदेखी हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण : एड0 किताब अली

**खीरी।** हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश है परंतु यह हमारे लिए दुर्भाग्य की बात है कि आज हमारे देश का अन्नदाता अपने हक एवं अधिकार के लिए सड़कों पर पिछले 15 दिनों से आ बैठा है परंतु केंद्र में बैठी उद्योगपतियों की हितेषी वाली सरकार अन्नदाता से बात करना तो दूर उनकी बात सुनने से भी परहेज कर रही है' उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला महामंत्री अल्पसंख्यक सभा वरिष्ठ अधिवक्ता किताब अली ने किसान बिल के विरोध में 14 दिसंबर को होने वाले जिला मुख्यालय पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा पहुंचने का आवाहन करते हुए खीरी में कहीं' आगे बतलाया कि हमारा भारत देश संपूर्ण विश्व में कृषि प्रधान देशों में सर्वोच्च स्थान रखता है' चाहे किसी भी पार्टी का नेता हो वह सर्वप्रथम मंच पर चढ़ते ही जय जवान जय किसान का नारा देता है और वहीं मौजूदा समय में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए किसान बिल का विरोध हो रहा है जिसके कारण बड़ी संख्या में किसान अपनी बातों को एवं अपने अधिकार के लिए सड़कों पर उतर आए हैं जोकि हमारे लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है' अगर अन्नदाता किसानी करना छोड़ देगा तो हम लोगों का पेट कैसे भरेगा अतः राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नौजवान समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता 14 दिसंबर को जिला मुख्यालय प्रयागराज ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और नए किसान बिल का विरोध करें जिससे यह काला बिल वापस हो और अन्नदाता को पुनः से उसकी आजादी प्राप्त हो।

# निर्माणाधीन पांटून पुल से गंगा नदी में गिरे बाइक सवार, एक की मौत

## निर्माणाधीन अधूरे पांटून पुल को दिखा दिया हरी झंडी संबंधित अधिकारी बने मूकदर्शक

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र के सिरसा गंगा नदी फेरी घाट पर निर्माणाधीन पांटून पुल के अधिकारी (जेई) की लापरवाही की भेंट चढ़ गया युवक। बतादे कि सिरसा गंगा घाट पर पांटून पुल बनने से जहां क्षेत्रीय लोगों को सहूलियत मिलती है, ।वही विभागीय अधिकारी की लापरवाही की वजह से एक युवक गंगा नदी में समाहित हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के निबैया गांव निवासी रामतिलक (60) अपने भतीजे मुकेश (22) के साथ हड़िया थाना क्षेत्र के दुलापुर रिश्तेदारी में गया हुआ था। शनिवार शाम 9 बजे दोनों बाइक से घर की तरफ आ रहे थे। जैसे ही सिरसा पांटून पुल पर बेतरतीब बिछाये गये चेकर्ड प्लेट में फंसकर बाइक सवार गंगा नदी में अनियंत्रित होकर जा गिरा।

गनीमत रही की रामतिलक रस्सियों के सहारे बाहर निकल आये, लेकिन भतीजा मुकेश गहरे पानी में समा गया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में



घटनास्थल पर लोगों से पूंछताछ करती पुलिस

परिजन घटना की ओर दौड़ पड़े रात्रि होने की वजह से खोजबीन करते रहे लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सुबह पुलिसकर्मियों व एनडीआरएफ की टीम की मदद से घंटों मशक्कत के बाद से गंगानदी से युवक का शव निकाला गया। परिजनों का आरोप है कि अगर पांटून पुल पर रेलिंग सहित अन्य व्यवस्थाएं करवाने के बाद पुल चालू किया गया होता तो शायद यह जानलेवा दुर्घटना न हुई होती। नाराज परिजनों ने शव को पांटून पुल पर रखकर चक्काजाम करते हुए मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। देखा जाए तो ठेकेदार के मनाही के बावजूद जेई ने आधे-अधूरे पांटून पुल पर आवागमन शुरू करा दिया था, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। जबकि इससे पूर्व दो बार खबरें प्रकाशित की गई थी। शायद विभागीय अधिकारी मामले का संज्ञान लिये होते तो शायद आज यह घटना न घटित होती।

बताते चले कि अभी कुछ दिन पहले ही जब सिरसा गंगा नदी फेरी घाट पर निर्माणधीन पांटून पुल की



गंगा नदी में डूबे युवक को खोजती एनडीआरएफ की टीम

गुडवत्ता और आधाधुरे पर जनसंदेश टाइम्स के पत्रकार विनोद कुमार सिंह ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारिओ को सिरसा गंगा घाट पर निमार्णाधीन पंटूल पुल की समाचार प्रकाशित किया गया था। लेकिन इस समस्या पर जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारी ध्यान नही दिए जिससे इतनी बड़ी घटना घटित हुई। समय रहते अधिकारी ध्यान दिए होते तो शायद इतनी बड़ी घटना ना घटी होती। सिरसा गंगा नदी फेरी घाट पर निमार्णाधीन पांटून पुल घटिया तरीके और गुडवत्ता की अनदेखे किया गया हैं। किसी जिम्मेदार अधिकारी से जांच कराया जाय तो सच सामने आ सकता हैं। लेकिन भ्रष्ट अधिकारिओ के कार्य के चलते इतनी बड़ी घटना घट गया जो शासन और प्रशासन के लोग जिम्मेदार हैं।

# बलात्कार की फर्जी सूचना देना पड़ा महंगा, पुलिस ने भेजा जेल



उतरांव पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बिझवनिया गांव में बलात्कार की फर्जी सूचना देना युवकों को काफी महंगा पड़ गया। पुलिस ने गिरफ्तार कर चार युवकों जेल भेज दिया। उतराव थाना क्षेत्र के बीच बिझवनिया गांव में दो पक्षो में जमीनी विवाद चल रहा है। दोनों पक्षो में कहासुनी हुई तो एक पक्ष द्वारा फर्जी बलात्कार की सूचना देने पर थाने में हड़कंप मच गया। वही उप निरीक्षक अमरनाथ सिंह मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया तो मामला जमीनी विवाद का निकला फिर हाल पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फर्जी सूचना देने वाले युवकों को हिरासत में ले लिया। रविवार को पुलिस ने युवको को जेल की हवा खिला दी। फिर हाल फर्जी सूचना देने से युवक के जेल चले जाने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# दबंग युवक ने दंपति समेत बच्चों को मारपीट किया घायल

**घूरपुर।** क्षेत्र के भीटा गांव में एक दबंग युवक ने दंपति व उनके बच्चों को पीटकर घायल कर दिया ।पीड़ित ने घूरपुर थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया है । घूरपुर थाना क्षेत्र के भीटा गांव निवासी धीरेंद्र कुमार द्विवेदी शाम के समय अपने घर के बाहर थे ।इसी बीच गांव का दबंग विपिन चतुवेर्दी आया और धीरेंद्र से गाली देते हुए रुपये मांगने लगा ।धीरेंद्र रुपये देने से मना किया तो आरोपी ईंट पत्थर से धीरेंद्र के सिर पर वार कर दिया और लात घुसो से पीटने लगा ।पति को पीटते देख पत्नी रीता अपनी बेटियों के साथ बीच बचाव के लिए आई तो उन्हें भी दबंग ने पीटकर घायल कर दिया ।पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत घूरपुर पुलिस से करके आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है ।

# 'तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया' पर श्रोता हुए भाव विभोर

**सहसों।** 'तो सुन मुरली की तान दौड़ आई सांवरिया' पर श्रोताओं ने भाव विभोर होकर नृत्य किया । रास का तात्पर्य परमानंद की प्राप्ति है। जिसमें दुखए शोक सांसारिक मोह माया आदि से सदैव के लिए निवृत्ति मिलती है द्यश्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का आयोजन हुआ । जिसे धूमधाम से मनाया गया । भागवत कथा के व्यास पीठ पर विराजमान कथावाचक पं0 शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज जी ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया । उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैंए उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं द्य जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है द्य वह भव पार हो जाता हैए उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज ही प्राप्त हो जाती है ?। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थानए कंस का वधए महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करनाए कालयवन का वधए उधव गोपी संवादए ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनानाए द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ का रसपान किया गया । कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में





उपस्थित श्रोताओं की भीड़ व कथा सुनाते कथावाचक पं0 शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज

भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया द्य और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ द्य जीव और ब्रह्म के मिलन को ही महारास कहते हैं । भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों को रास के माध्यम से सदैव के लिए परमानंद की अनुभूति करायी । भागवत में रास पंचाध्यायी का विश्लेषण पूर्ण वैज्ञानिक कथावाचक पंण शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज ने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है द्य भगवत प्राप्ति के लिए दृढ इच्छा निश्चय और ध्यान एकाग्रता भी जरूरी है । विराजमान कथावाचक पंण शेषधर मिश्र अनुरागी जी महाराज नींवी खुर्द गारापुर ग्रामीण अंचल में तिवारी परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में कृष्ण . रुक्मणि विवाह प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण ने सोलह हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया ।

भगवान श्रीकृष्ण रूक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी श्रोताओं को खूब आनंदित किया । कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। भागवत कथा के छठे दिन कथा स्थल पर रूक्मणी विवाह के आयोजन ने सभी श्रद्धालु भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया । श्रीकृष्ण . रूक्मिणी की वरमाला पर जमकर फूलों की बरसात हुई द्य संस्कार युक्त जीवन जीने से मिलती है मुक्ति । कथावाचक ने कहा कि भगवत गीता के अनुसार जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता । व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर यज्ञ करनाए तर्पण करनाए प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहता है । इस दौरान कृष्ण . रुक्मिणी विवाह की मनमोहक झांकी भी सजायी गयी । पूरा पंडाल प्रेम मय हो गया द्य कथा और कथावाचक की स्रोताओं ने भूरि भूरि सराहना की। कथा श्रोताओं में प्रमुख रूप मौजूद मुख्य यजमान सहित मुन्ना शुक्ल, पंकज शुक्ल, विश्वनाथ तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, अशोक पाण्डेय, चिंता मणि शुक्ल, अशोक मिश्र, सच्चिदानंद शुक्ल, राज कुमार सिंह आदि रहे।

# हत्या व लूट मामले के आरोपी को मेजा पुलिस ने किया गिरप्तार

**सिरसा।** मेजा क्षेत्र मे सिरसा व्यापारी को अगुआ कर हत्या किए जाने व लूट मामले में फरार एक आरोपी को मेजा पुलिस ने गस्त के दौरान उरुवा चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । गौरतलब हो कि 27 नवम्बर को मेजारोड से कपड़ा ब्यापारी विजय कुमार केशरी निवासी सिरसा को दुकान बंदकर घर जाते समय उक्त अभियुक्त ने अपने साथियों संग सोरांव गाँव से अपहरण कर नैनी थाना क्षेत्र में ले जाकर हत्या कर दी थी । मामले के बाद से ही उक्त आरोपी फरार चल रहा था जिसे पुलिस ने उरुवा चौराहे से गिरप्तार कर जेल भेज दिया इस सम्बंध में कोतवाल मेजा सुनील कुमार बाजपेयी ने बताया कि यह अभियुक्त हत्या तथा मटिहि लूट कांड में शामिल था । जिसमें तीन अभियुक्तों की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है जिसमे रमेश पासी चिलबिला बाजार थाना माण्डा फरार चल रहा था जिसे मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दबिश देकर उरुवा चौराहे से गिरफ्तार कर लिया



मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

गया। उन्होंने बताया कि पूंछतांछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त ने व्यापारी की हत्या तथा मटिहि लूट कांड में शामिल होने की बात कुबुला। जिसे कानूनी कार्यवाही के बाद उसे जेल भेज दिया गया । गिरप्तार करने वाली टीम में एसओजी प्रभारी वृंदावन राय, नारकोटिक्स प्रभारी महाबीर सिंह, सर्विलांस प्रभारी ब्रजेश सिंह, चौकी प्रभारी सिरसा हरगोबिंद सिंह, कांस्टेबल मोहित राय, कांस्टेबल अमित व अनिल सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे ।

# करछना के अरई में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का जिला पंचायत सदस्य ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**करछना ।** कैलाश धाम क्रिकेट क्लब अरई की ओर से अरई गांव स्थित पावर हाउस के मैदान पर शुरू हुई पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार से हुआ। जिस में दर्जन भर से अधिक टीमों ने प्रतियोगिता में शिरकत करके प्रतिभाग किया। क्रिकेट प्रतियोगिता के बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे सदस्य जिला पंचायत रवीशचंद्र तिवारी ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया । और सभी खिलाड़ियों का एक-एक करके परिचय भी प्राप्त किया । उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खिलाड़ियों से खेल खेल की भावना से खेले जाने की अपील की । प्रतियोगिता के में विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे ब्लाक कोआर्डिनेटर करछना के मनीष शुक्ला ने कहा कि खेल से शारीरिक उर्जा के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्यता कायम रहता है। प्रतियोगिता



क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करते जिला पंचायत सदस्य रविश चन्द तिवारी

का रोमांचक उद्घाटन मैच तिरंगा क्रिकेट अरई चौराहा और क्रिकेट क्लब भस्मा के बीच खेला गया । जिसमें टास जीतकर अरई की टीम निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 34 रन पर ही ढेर हो गई । भस्मा की टीम ने 50 रन बनाकर 16 रनों से विजई रही । एंपायर के रूप में बैकुंठ नाथ मिश्र मिथिलेश नारायण मिश्र पवन तिवारी रहे। वहीं कमेंटेटर के रूप में लालबाबू तिवारी आशीष मिश्र ललित मिश्रा रहे । आयोजक व संयोजक शिवाकांत मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया । इस मौके पर प्रेम शंकर मिश्रा इंद्रजीत पटेल सुभाष चंद्र मिश्रा राजीव लोचन मिश्र सुशील तिवारी अनिल शुक्ला मनोज शुक्ला अमित मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे।

# 10 दिन में जगमग होगा संगम पांटून पुल का निर्माण शुरू

**प्रयागराज।** माघ मेले की तैयारी को लेकर विभागीय तैयारी अब तेज हो गई है। संगम क्षेत्र अगले 10 दिनों में जगमग हो जाएगा। बिजली विभाग की ओर से पोल लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। झूंसी की ओर से लगभग 30 फीसदी काम पूरा हो चुका है। वहीं परेड मैदान में भी पोल लगाने का काम तेज हो रहा है। अफसरों का कहना है कि 25 दिसंबर तक का समय दिया गया है, लेकिन प्रयास है कि इसके पहले ही प्रकाश का बंदोबस्त कर दिया जाए। जिससे दिन रात चलने वाले काम में किसी प्रकार की बाधा न हो। उधर महावीर मार्ग पर मार्ग पर बनने वाले पांटून पुल का काम शुरू हो गया है। शनिवार को पीपे नदी में गिरा दिए गए हैं। इन्हें क्रमवार बांधने का काम शुरू कर दिया जाएगा। अफसरों का कहना है कि रविवार को त्रिवेणी मार्ग के पुल का निर्माण भी शुरू करा दिया जाएगा। 25 दिसंबर तक महावीर, त्रिवेणी और काली मार्ग के तीन प्रमुख पांटून पुलों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस तारीख तक काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद के 10 दिनों में दो पुल बना लिए जाएंगे। समतलीकरण का काम पूरा होने के साथ ही अब सड़क निर्माण का काम भी शुरू हो गया है। 30 जनवरी तक चकर्ड प्लेट से प्रमुख मार्ग तैयार कर दिए जाएंगे, जबकि गाटा मार्ग बनाने में पांच से सात जनवरी का वक्त लगेगा।

टेंट लगाने का काम इस बार नई कंपनी को मिला है। मेले से जुड़ी संस्थाओं का कहना है कि बिहार की कंपनी एकदम नई है। संसाधन का भी अभाव है। ऐसे में काम शुरू होने के बाद टेंट, तंबू कतान, टिन घेरा आदि का बंदोबस्त कैसे किया जाएगा।

## चौड़ीकरण को लेकर खुद गिरा रहे मकान

**करछना।** करछना कोहडार मार्ग के चौडीकरण को लेकर विभाग द्धारा दिए गये 25 दिसम्बर के पूर्व ही लोग खुद सडक की जद मे आये घरो को गिराने लगे है वही कुछ बाजारो मे लोग बाईपास की बाट जोह रहे है ।रामपुर से भडेवरा तक चौडीकरण का कार्य शुरू होने वाला है जिसको लेकर करछना साधुकूटी के बीच सैकडो दुकाने और घर सडक की जद मे आ रहे है जिसके चलते करछना बाजार पूरी तरह से खत्म होने के कगार है और लोगो का व्यवसाय भी प्रभावित होगा जिसे लेकर व्यापरियो मे मायूसी छाई है वही कुछ लोग कोर्ट की शरण मे जाने की तैयारी कर रहे है जिससे कि उन्हे नुकसान का मुआवजा मिल सके और जिनके पास घर नही है उन्हे बसाने की व्यवस्था की जाए लेकिन प्रशासन की ओर से अभी कोई आस्वासन न मिलने से व्यापिरयों मे मायूसी छाई हुई है।

# लालापुर मनकामेश्वर मंडल से भी लिया गया कन्या को गोद

**लालापुर।** सुकन्या समृद्धि योजना के तहत गरीब और पिछड़े वर्ग से संबंधित परिवारों की करीब 09 बच्चियों को भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आकांक्षा सोनकर ने शनिवार को गोद लिया है। जिसमे लालापुर मनकामेश्वर मंडल से कु0 पलक पिता उदयराज और शंकरगढ़, जसरा से भी लिया गया। योजना के तहत इन बच्चियों के डाकघर में खाते खोलकर हर साल 250/- से लेकर इच्छानुसार राशि जमा करवाई जाएगी। बच्चियां 18 साल की होने पर ये पैसे निकलवा पाएंगी। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आकांक्षा सोनकर ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने इस योजना की शुरूआत की है। इसके तहत सक्षम समाज द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवार की कन्याओं को बचपन से ही अडॉप्ट कर उनके भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम की ओर से आज गोद ली गईं 09बच्चियां जो गरीब परिवारों से हैं। इनकी उम्र 0 से 10 वर्ष तक की है। इन बच्चियों के खातों में 15 साल तक पैसे जमा करवाए जाएंगे और 6 वर्ष तक सरकार की तरफ से जमा करवाए जाएंगे।18 वर्ष की होने पर बच्ची उस पैसों में से आधे पैसे निकलवा सकती है। इस दौरान डाकघर में जमा उनकी राशि पर तयशुदा ब्याज जुड़ता रहेगा।इस मौके पर मनकामेश्वर मंडल के कई पदाधिकारी शंकर लाल पाण्डेय जिला प्रतिनिधि, मनकामेश्वर मंडल महामंत्री शैलेंद्र पाण्डेय, होरीलाल केसरवानी आदि रहे।

# पुरोहित के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब, नम आंखों से दी अंतिम विदाई



पुरोहित के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाते परिजन व भीड़

**लालापुर, प्रयागराज।** लालापुर थाना क्षेत्र निवासी उत्कर्ष त्रिपाठी का अंतिम संस्कार रविवार को हुआ,लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उत्कर्ष चार भाइयों में सबसे छोटा था। उत्कर्ष त्रिपाठी की दिलचस्पी पत्रकारिता करने में भी थी।उत्कर्ष के मौत से लालापुर क्षेत्र में मातम छा गया है। जिसने जैसे भी सुना सब की आंखे नम हो गई ।उत्कर्ष त्रिपाठी की मौत की खबर पूरे क्षेत्र में दिल दहला दिया है। उत्कर्ष त्रिपाठी एक सामाजिक व्यक्ति था और हर लोगों से हसमुख बाते किया करता था।उत्कर्ष के अंतिम संस्कार में सैकड़ो लोगों में नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। आपको बता दें कि बीते शनिवार को एक बारात से लौट रहे पुरोहित उत्कर्ष एक्सीडेंट के शिकार हो गए जिसमें उनकी मौत हो गई। पुरोहित उत्कर्ष को क्षेत्र के अन्य गांव के लोग भी जानते थे। जैसे ही उत्कर्ष की डेड बॉडी गांव पहुंची आसपास के गांव के जानने वाले भी पहुंच गए देखते ही देखते भारी संख्या में लोग मौजूद हो गए, हर किसी ने पुरोहित उत्कर्ष की सराहना कर रहे थे कुछ ऐसे भी व्यक्ति आपस में बात करते हुए दिखे जो बात करते-करते रोने लगे। लोगों के जुबान पर था कि एक फोन पर ही उत्कर्ष घर आकर के पूजा करा कर चले जाते थे उत्कर्ष के जाने का दुख सभी के जुबान पर था लोगों का कहना था कि उत्कर्ष की कमी आसपास के गांव में भी रहेगी तथा सभी नम आंखों से विदाई देखकर शव यात्रा में शामिल हो गए।

## संक्षेप समाचार

### घर से ट्रेनिंग सेंटर के लिए निकली किशोरी लापता, केस दर्ज

**घूरपुर।** क्षेत्र के पालपुर बगिया गांव की एक किशोरी घर से ट्रेनिंग सेंटर के लिए निकली जो लापता हो गई परिजनों ने खोजबीन के बाद पता नही चलने पर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

पालपुर बगिया गांव निवासी मोहम्मद शहनवाज की 13 वर्षीय बेटी शबाबानो कक्षा आठ की छात्रा है। वह रोजाना नैनी क्षेत्र के भंडरा स्थित मवैया फाउंडेशन सेंटर पर प्रशिक्षण लेने रोजाना जाती थी। रोजाना की तरह शनिवार की सुबह भी उक्त सेंटर के लिए घर से निकली लेकिन शाम तक घर वापस नही हुई तो परिजन उक्त सेंटर पर पहुंचे तो पता चला कि वह आई ही नही थी। परिजन खोजबीन के बाद पता नही चलने पर अनहोनी की आशंका से परेशान हो रविवार के दिन थाने में शिकायती पत्र देकर केस दर्ज कराया। मामले में पुलिस जांचपड़ताल कर रही है।

# मां-बेटे की गला रेतकर निर्मम हत्या से फिर दहला सोरांव

## कई को हिरासत में लेकर हो रही पूछताछ, जल्द घटना के खुलासा का दावा



सो रहे मां-बेटे को उतारा गया मौत के घाट



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची व जुटी ग्रामीणों की भीड़

**सोरांव।** गंगापार का इलाका कभी बिल्कुल शांत हुआ करता था, अब नहीं रहा। आए दिन हो रही घटनाओं से आम नहीं बल्कि खास भी अपने आपको असुरक्षित नहीं महसूस कर रहे हैं। देखा जाय तो गांगापर में आए दिन कोई न कोई घटनाएं हो रही है। सोरांव और होलागढ़ की घटना को एक बानगी है। इस बार सोरांव में डबल मर्डर का मामला सामने आया है। गंगापार के सोरांव थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात मां-बेटे की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। रविवार सुबह परिजन ने खून से लथपथ दोनों का शव बिस्तर पर पड़ा देखा। वारदात की जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया है। शुरूआती जांच में जमीन विवाद को हत्या का कारण बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। दो संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

सोरांव थाना क्षेत्र के सराय दीना गांव निवासी सुरेंद्र पासी उर्फ टिड्डू (26 साल) पुत्र रामसजीवन पासी शनिवार की रात अपनी मां धर्मा देवी (60 साल) के साथ बरामदे में सो रहा था। सुबह जब घर के अन्य लोग उठे तो खून से लथपथ मां-बेटे का शव देखा। दोनों के शरीर को धारदार हथियार से वार किया गया था। मृतक मां-बेटे का परिवार मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों से जमीन के विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। मौके पर सैकड़ों लोगो की भीड़ जमा है।

घटना को अंजाम जमीनी विवाद को लेकर दिया गया है। मामले की पुलिस जांच कर जल्द ही खुलासा करेगी। **-धवल जायसवाल, एसपी गंगापार।**

## प्रयागराज से प्रतापगढ़, फैजाबाद जाना अब महंगा

**प्रयागराज।** प्रयागराज से प्रतापगढ़ व फैजाबाद जाने वालों को अब जेब ढीली करनी पड़ेगी। अब इस मार्ग पर गुजरने के लिए टोल देना होगा। मऊआइमा व रामफल इनारी के बीच टोल प्लाजा शुरू हो गया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक अश्विनी राय के अनुसार, प्रयागराज-प्रतापगढ़ मार्ग पर टोल प्लाजा शुरू कर दिया गया है। कार, जीप व हल्के चारपहिया वाहनों को एक तरफ का 45 रुपये व 24 घंटे के दौरान दोनों तरफ के लिए 65 रुपए टोल चुकाना है। हल्के कामर्शियल वाहन व मिनी बस के लिए 70 व 110 रुपए देने हैं। बस व ट्रक के लिए एक तरफ का 150 व दोनों तरफ के लिए 225 रुपए देने हैं। उन्होंने बताया कि यह व्यवस्था फिलहाल शुरू कर दी गई है। टोल प्लाजा शुरू होने का असर आम यात्रियों की जेब पर भी पड़ा है। परिवहन निगम ने रोडवेज बसों का किराया बढ़ा दिया है। प्रतापगढ़ जाने के अब 73 के बदले 77 व फैजाबाद जाने के लिए 198 की जगह 202 रुपए देने होंगे। चार-चार रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

## गांव-गांव में आप की ओर से चलाया जा रहा सदस्यता व जन संवाद अभियान



अभियान में शामिल आप पार्टी के कार्यकर्ता


**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी ने अपना प्रभाव प्रयागराज में बढ़ाने में इन दिनों जुटी हुई है। इसी के तहत नैनी में विकास खंड चाका के विभिन्न गांवों में आदमी पार्टी के यूथ विंग सक्रिय है। यूथ विंग की ओर से जन संवाद और सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यकर्ता लोगों से पार्टी की नीतियों के बारे में चर्चा करते हैं। साथ ही सदस्यता अभियान को भी बढ़ाने में जुटे हुए हैं। आप पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर जन संवाद के जरिए पार्टी के विचारों और कार्यों को बता रहे हैं। आप पार्टी के विधान सभा महासचिव गजनफर अब्बास ने बताया कि आम आदमी पार्टी कार्यों पर विश्वास करती है। दिल्ली में सरकार ने आम जनता के लिए शिक्षा, बिजली, पानी, इलाज मुक्त कर रखा है। सरकारी सेवाओं को भ्रष्टाचार मुक्त कर रखा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी आम आदमी पार्टी की सरकार को बनने की अपेक्षा की है।

अल्पसंख्यक चाका विंग अध्यक्ष रजा हैदर ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक आंदोलन हैं रुकने वाला नहीं हैं। आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में आप की सरकार बनेगी। यूथ विंग चाका ब्लाक अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने जो भी वादा किया वह सब कर दिखाया है। अन्य सरकारों के लिए मिसाल पेश की है कि सरकार जनता के लिए जो करना चाहती हैं, सब कर सकती है । इस दौरान करछना विधान सभा महासचिव गजनफर अब्बास, अजय कुमार, रजा हैदर, कमर अब्बास, विवेक यादव, रजत प्रजापति, गाज़ी अब्बास, विनोद कुमार सिंह पटेल, अनुपम मिश्र, संदीप निषाद आदि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरों ने ट्रक से हजारों रुपए समेत दो मोबाइल उड़ाए

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के डांडी बाजार के समीप दिनदहाड़े रविवार को चोरों ने मौका पाते ही एक ट्रक से दो मोबाइल समेत हजारों रुपए चोरी कर फरार हो गए। भुक्तभोगी चालक ने नैनी कोतवाली में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। जानकारी के मुताबिक तमिलनाडु के रहने वाले पी कटरेशन तमिलनाडु से एक ट्रक में साबूदाना लादकर कोतवाली क्षेत्र के हटिया स्थित एक दुकान पर लेकर जा रहा था। रविवार दोपहर में चालक नैनी कोतवाली क्षेत्र के डांडी तिराहे के समीप पहुंचा और सड़क किनारे वाहन खड़ी कर केबिन में सो गया। तभी अज्ञात चोर मौका पाते ही केबिन से दो महंगे मोबाइल व लगभग पांच हजार रुपए नकदी चोरी कर फरार हो गए।

## आचार्य नगर बसाने के लिए 140 बीघा जमीन व सुविधाओं की मांग कर रहे महात्मा



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में आचार्य नगर बसाने को श्रीरामानुज नगर प्रबंध समिति आचार्यबाड़ा की आमसभा 16 दिसंबर को प्रस्तावित है। समिति ने आमसभा के लिए पांच सूत्रीय एजेंडा तैयार किया है, उसे समस्त महात्माओं के समक्ष रखा जाएगा। हर मुद्दे पर महात्मा अपनी राय रखेंगे। एजेंडा में सबसे अहम मुद्दा कोविड-19 के मद्देनजर जमीन बढ़ाने का है। आचार्य नगर को हर बार 90 बीघा जमीन मिलती थी। हालांकि इस बार दूर-दूर शिविर लगाने के लिए 140 बीघा जमीन मांगी जाएगी। वहीं, समिति में आपसी विवाद के चलते 2017 में आचार्यनगर में कुछ फर्जी संस्थाएं बन गई थी। प्रशासन उन्हें जमीन व सुविधा देता रहा है। ऐसी संस्थाओं को बाहर करने की मांग की जाएगी। श्रीरामानुज नगर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष जगद्गुरु स्वामी घनश्यामाचार्य के अनुसार स्वामी रामेश्वराचार्य की अध्यक्षता में श्रीवैष्णव आश्रम (रामदेसिक) दारागंज में सभा होगी। संचालन कार्यवाहक महामंत्री अखिलेशाचार्य करेंगे। घनश्यामाचार्य ने बताया कि हर प्रस्ताव पर पदाधिकारी व प्रमुख महात्मा अपना पक्ष रखेंगे। सबकी सहमति पर प्रस्ताव पारित करके प्रशासन को सौंपा जाएगा। प्रशासन से प्रस्ताव के अनुरूप आचार्यनगर बसाने की मांग की जाएगी। समिति प्रशासन से जमीन लेकर उसे महात्माओं को स्वयं वितरित करेगी।

## वाहन चेकिंग में आधा दर्जन ट्रक सीज, तीन का ऑनलाइन चालान



वाहन चेकिंग के दौरान खड़े वाहन

**शंकरगढ़।** ओवरलोडिंग और ट्रैफिक रूल्स का पालन न करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को आधा दर्जन ट्रकों को सीज किया गया, जबकि तीन वाहन चालकों का आनलाइन चालान किया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस विभाग ने दर्जनों लोगों को हिदायत देकर भी छोड़ा, साथ ही सभी से सड़क पर ट्रैफिक रूल्स का पालन करने की अपील भी की।

डीआईजी/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ के निर्देशन में जनपद में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को शंकरगढ़ थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने प्रयागराज पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड चौकी प्रभारी जयचंद्र गिरि, उप निरीक्षक अमित कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह यादव, कांस्टेबल मोनू राजपूत के साथ मिलकर क्षेत्र में ट्रैफिक रूल्स का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के तहत आधा दर्जन ट्रकों को ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन करने पर धारा 207, एमपी एक्ट में सीज किया गया, जबकि तीन वाहनों का ई-चालान किया गया। पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान को लेकर क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल रहा।

## कृषि बिल के खिलाफ जनजागरण यात्रा निकाल रहे सपा कार्यकर्ता

**प्रयागराज।** कृषि बिल के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने बिगुल फूंक दिया है। ग्रामीण इलाकों में जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है। किसानों को बताया जा रहा है कि इन तीनों बिल से क्या-क्या नुकसान है। आरोप लगाया जा रहा है कि केंद्र सरकार सिर्फ पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह बिल लेकर आई है और जबरन किसानों पर इसे थोपने की कोशिश हो रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जााएगा। किसानों के हित की लड़ाई बढ़-चढ़कर लड़ी जाएगी। जब तक इस बिल को रद नहीं किया जाएगा सपा कार्यकर्ता हर मोर्चे पर संघर्ष करेंगे। सोरांव विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के बीच जन चेतना क्रांति का बिगुल फूंकते हुए पूर्व विधायक सत्यवीर मुन्ना ने कहा कि दिल्ली के सिंघु बार्डर पर केंद्र सरकार द्वारा काले कृषि कानून के विरोध मे धर्नारत किसानों के समर्थन में देश भर की बीस सियासी पार्टियों के सामूहिक समर्थन और प्रदर्शन से केंद्र सरकार बौखला गई है।

## बार एसोसिएशन के मंत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद के बार एसोसिएशन के मंत्री राकेश कुमार दुबे के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का सिविल लाइंस पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। एफआईआर के मुताबिक मुट्ठीगंज के रहने वाले रतन कुमार केसरी ने सोहबतियाबाग निवासी राकेश कुमार दुबे के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504 और 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। एफआईआर में लिखा है कि सिविल कोर्ट इलाहाबाद के बार एसोसिएशन के मंत्री राकेश कुमार दुबे ने उनके साथ धोखाधड़ी की थी। इसके बाद उन्होंने बार काउंसिल इलाहाबाद में उनके खिलाफ शिकायत की थी। 22 नवंबर 2020 को तारीख पर गए थे। उनका नाम पुकारा गया। बताया गया कि दूसरा पक्ष आने के बाद सुनवाई होगी। इस बीच 1:00 बजे के लगभग राकेश कुमार दुबे दो अन्य साथियों के साथ पहुंचे और सुनवाई शुरू हुई तो बार काउंसिल के अध्यक्ष जानकी शरण पांडेय, उपाध्यक्ष अंकन मिश्रा और उनके सहयोगी के सामने राकेश कुमार दुबे ने मारपीट की और भद्दी भद्दी गालियां दीं। जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद प्रार्थी डर गया और वहां से चला आया। बाद में पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मदद की गुहार लगाई। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश समेत अन्य को भी शिकायती पत्र भेजा है।

## जसरा में 15 दिसंबर को होगा क्षेत्रीय बॉलीबाल टूर्नामेंट

**जसरा।** 15 दिसंबर को जसरा बाजार में क्षेत्रीय बालीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है । टूनामेंट का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी घनश्याम कोटार्य करेंगे। 15 दिसंबर को जसरा बाजार में क्षेत्रीय बालीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। आयोजक टीम के सदस्य अकरम अली ने जानकारी देते हुए बताया कि इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में एक दर्जन के लगभग टीमें भाग लेंगी। जिसमें यमुनापार की कई टीमें रहेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि घनश्याम कोटार्य होंगे।

## पशुओं को ठण्ड से बचाने के बताये उपाय



पशुपालकों से पशुओं को ठण्ड से बचाव के उपाय बताते चिकित्सक

**होलागढ़।** कुपोषित पशुओं में ठंडक सर्दी का प्रभाव अधिक होता है। अधिक ठंडक में पशुओं की सेहद ठीक रखने के लिए भूखा न रहने दें। और उत्पादन सामान्य रखने के लिए अतिरिक्त राशन दिया जाना चाहिए। इस बात की जानकारी पशुचिकित्साधिकारी होलागढ डॉ बलराम चौरसिया ने कस्तूरी पुर कस्तूरी मे आयोजित पशु स्वास्थ्य शिविर में पशुपालको को दी । बताया कि तेज ठंडक में पशु शरीर में मौजूद ऊर्जा का अधिक हिस्सा सर्दी के दुष्प्रभाव से बचने में नष्ट होने से कमी हो जाती है। ऐसे में पशु के लिए पौष्टिक चारा के साथ दाना/राशन की मात्रा की आवश्यकता बढ जाती है। संतुलित पोषण की कमी से भूखे व कमजोर होकर बीमार हो जाते हैं। मिलने वाला उत्पादन समाप्त हो जाता है। और पशु की आसामायिक मौत हो सकती है। अधिक ठंडक के प्रकोप हाइपोथर्मिया से पशुओं को बचाने के लिए पशु को रात्रि में हवा दार स्थान में न रखे, पशुशाला में फर्स साफ, सुखी, व पुआल का बिछावन करें तथा पशु को चारा, पानी की ब्यावस्था ठीक होनी चाहिए।शिविर में पशुओं की जांच, चिकित्सा, टीकाकरण व पशु स्वास्थ्य संबंधित दवा का वितरण निःशुल्क किया। मौके पर पैरावेट शंकर, संदीप, प्रधान मीना देवी, सुमन, सीता, देवकली, सोनी, रामसूरत, हौसिला सहित और पशुपालक मौजूद रहे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन मतदाता बनने को उमड़ी भीड़

### आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर लगाया गया मतदाता पुनरीक्षण कैंप



मतदाता पुनरीक्षण कैंप पर उपस्थित लोग

**शंकरगढ़।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के आखिरी दिन कैंपों में लोगों ने खासी दिलचस्पी दिखाई। अकेले शंकरगढ़ में 105 नये मतदाता जोड़े गए। इसके अलावा कई अन्य लोगों ने मतदाता सूची में संशोधन व विलोपन के लिए आवेदन किया। शंकरगढ़ कस्बे में रविवार को तीन स्थानों पर शिविर लगाया गया।

मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए पहला कैंप राजा कमलाकर इंटर कालेज में लगाया गया। जिसमें बीएलओ शिवलाल, सरोज देवी, ऊषा देवी, संतोष सिंह,राघवेंद्र सिंह, प्रभा शुक्ला ने भाग संख्या 160, 61, 62, 63, 64, 65, 66 में नये मतदाताओं का नाम जोड?-घटाने का फार्म भरवाया। यहां पर कुल नाम जोड? के पचास फार्म जमा किए गए, जबकि प्रारूप आठ का सिर्फ एक फार्म आया। इसी तरह राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित शिविर में बीएलओ ऊषा देवी, कमला द्विवेदी, अखिलेश द्विवेदी, शांति देवी और राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में भाग संख्या 167 से-171 में प्रारूप छह, नाम जोडने के 16 फार्म जमा किए गए। जबकि प्रारूप आठ के तहत कुल पांच आवेदन आए। इसी क्रम में स्थानीय प्राइमरी पाठशाला में बीएलओ मनीष कुमार केसरवानी, फूल कुमारी, महेंद्र सिंह ने फार्म भरवाया। भाग संख्या 172 से 174 तक के लिए प्रारूप छह के 39 फार्म और प्रारूप सात का एक फार्म जमा किया गया। इस तरह तीनों कैंपों में कुल 105 नये मतदाताओं का फार्म जमा करवाया गया। पुनरीक्षण कार्य के पर्यवेक्षक लेखपाल गंगाप्रसाद दिनभर तीनों शिविर में भ्रमण करते रहे। इसके अलावा घर-घर जाकर लोगों का फार्म भी भरवाया। पर्यवेक्षक लेखपाल गंगाप्रसाद ने बताया कि रविवार को 105 नये मतदाताओं का फार्म भरा गया है। 28 नवंबर से चल रहे इस अभियान का रविवार को अंतिम दिन था। दूसरी तरफ विधानसभा बारा के नारीबारी मंडल के ग्राम कपड़ौरा में कैंप का आयोजन किया गया। कपड़ौरा में बूथ संख्या 281 के तहत अभियान चलाकर मतदाता जोड़े गए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष अंजली लाल के नेतृत्व में कई नये वोटरों का फार्म भरवाया गया। बीएलओ राज बहादुर सिंह दिनभर भ्रमण करते रहे। इस शिविर में प्रधानाध्यापक रावेंद्र द्विवेदी, रामगरीब पांडेय, सेक्टर संयोजक कांतेश्वरनाथ, बीएलओ अनूप सिंह, ताराचंद्र पांडेय, ऋषि मोदनवाल, सौरभ मिश्र आदि मौजूद रहे। इसी तरह विधानसभा 264 के भाग संख्या 286 सतपुरा, गड़इया में नारीबारी, बैजला आदि गांवों की मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य किया गया।

## संक्षेप समाचार

### बिजली बिल की कहासुनी में महिला को पीटा

**प्रतापगढ़।** कहासुनी के दौरान परिवार के एक व्यक्ति ने महिला की पिटाई कर दी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढांढर निवासी सोनी तिवारी ने बताया कि उसका पति सुनील रोजी-रोटी के सिलसिले में मुंबई में रहता है। वह घर पर बच्चों के साथ अकेली रहती है। आरोप है कि शुक्रवार सुबह बिजली बिल की कहासुनी के दौरान परिवार के ही एक व्यक्ति ने उसकी पिटाई कर दी। सोनी की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गांजे के साथ धराया आरोपी, गया जेल

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने औचक दबिश देकर आरोपी को गांजा समेत धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर रविवार को उसे जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोग सचिन पटेल गस्त पर निकले थे। सुबह उन्हे मुखबिरी सूचना मिली कि एक आरोपी रामपुर चैराहे के पास चोरी से गांजा बेच रहा है। पुलिस टीम ने अचानक दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया तो उसके पास से एक किलो तीन सौ ग्राम गांजा बरामद देख आवाक रह गई। पुलिस को कोतवाली के नेकनाम पुर निवासी गिरफ्त में आए आरोपी मख्खन सिंह तलाशी लेने पर आरोपी के पास से गांजे की बिक्री से मिला सत्ताइस सौ चालिस रूपए भी बरामद हुआ।

# मजदूरी मांगने पर भट्ठा मालिक ने मजदूर की हत्या कर कुएं में फेंकी लाश

**कोखराज थाना क्षेत्र के लोहरा गांव के पीछे पांच दिन बाद एक कुएं से मिली मजदूर की लाश**

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जजौली गांव के एक मजदूर भट्ठे में बकाया मजदूरी मांगने भट्ठा मालिक के पास गया था जहां मजदूर की हत्या कर लाश कुएं में फेंक दी गई है मजदूर की पत्नी की तहरीर पर कोखराज पुलिस ने भट्ठा मालिक को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ किया तो सारा रहस्य उजागर हो गया भट्ठा मालिक की निशानदेही पर पुलिस ने लाश को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के जजौली गांव निवासी रामबदन रैदास उम्र 40 वर्ष पुत्र राम आसरे कोखराज थाना क्षेत्र के लोहरा के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करते थे 8 दिसंबर को वह भट्ठा मालिक के पास बकाया मजदूरी मांगने गए थे बताया जाता है कि भट्ठे में काम करने के दौरान उनके लाखों रुपए मजदूरी भट्ठा मालिक पर बकाया है लेकिन भट्ठा मालिक के घर जाने के बाद रामबदन वापस नहीं लौट सके जिस पर भट्ठा मजदूर की पत्नी ने भट्ठा मालिकानो सहित चार लोगों को नामजद कर पति की हत्या का आरोप लगाया तहरीर मिलने के बाद कोखराज पुलिस ने नामजद भट्ठा मालिकानों को गिरफ्तार कर लिया जब पुलिस ने भट्ठा मालिकों से कड़ाई से पूछताछ किया तो भट्ठा मालिकों ने मजदूर की हत्या किए जाने और लाश कुएं में फेंके जाने की बात कबूल कर ली भट्ठा मालिकों की निशानदेही पर पुलिस ने लोहरा गांव स्थित एक भट्टे के पीछे के कुएं से पुलिस ने लाश बरामद कर ली है कुआं से लाश निकालने के बाद पुलिस ने भट्ठा मजदूर की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मजदूर की हत्या किए जाने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पश्चिम शरीरा थाना पुलिस कोखराज थाना पुलिस और पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस अधिकारी और जनता

## सड़क हादसे में संस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य घायल

**कौशांबी।** मंझनपुर के संस्कृत पाठशाला के प्रधानाचार्य रविंद्र नाथ शुक्ला उम्र लगभग 62 वर्ष स्कॉर्पियो से अपने चालक के साथ प्रयागराज से वापस मंझनपुर आ रहे थे तभी अचानक स्कॉर्पियो का अगला टायर फट जाने के कारण मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ससुर खदेरी नदी कादीपुर के पुल से नीचे स्कॉर्पियो गिर गई जिसमें गाड़ी के परखच्चे उड़ गए हादसे में रविन्द्र नाथ शुक्ला एवं उनके चालक को चोटे आई हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई है और मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच गई है इस हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## घर के पीछे से सीढ़ी लगाकर घुसे चोरों ने पैतालिस हजार नकदी सहित हजारों का जेवरात किया चोरी

**क्षेत्र मे चैबीस घन्टे मे दूसरी बड़ी चोरी से लोग भयभीत**

**सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की कर रही है छानबीन**

**प्रतापगढ़।** पट्टी कोतवाली इलाके में चोरी की घटनाओं में तेजी से बाढ़ आ रही है ।पान विक्रेता के घर हुई चोरी के अगले ही दिन चोरों ने फतेहपुर गांव में चोरों ने घर के पीछे से आंगन में घुसकर कमरों का ताला तोड़कर पैतालिस हजार नगदी सहित हजारों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया । घटना की जानकारी पर पृथ्वीगंज चैकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे कर जांच पड़ताल को पहुंचे पट्टी कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर गांव निवासी वीरेंद्र तिवारी पुत्र स्व. कामता प्रसाद के भतीजे कृष्णा की बारात इलाहाबाद गई थी बारात से लौटकर वाह रात्रि में अपने नवनिर्मित पक्के मकान में परिवार सहित सो गया। उनके कच्चे घरों में पीछे के रास्ते आंगन में घुसे चोरों ने कमरों का ताला तोड़कर भवन निर्माण के लिए रखे 45000 नगदी सहित चांदी के जेवरात पार कर दिए। सोने के जेवरात उनकी पत्नी द्वारा बारात में पहनकर जाने के कारण बच गए सुबह चोरी की जानकारी होने पर उन्होंने ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पृथ्वी गंज चैकी इंचार्ज चंद्रशेखर यादव दल बल के साथ जांच पड़ताल को पहुंचे पीड़ित ने चोरी की तहरीर पुलिस को दी है।

## राष्ट्रीय किसान विकास महासंघ ने अपने संस्थापक जनक, श्रद्धेय सतीश श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि दी

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय किसान विकास महासंघ के संस्थापक सतीश श्रीवास्तव की जयंती के अवसर पर महासंघ के पदाधिकारियों एवं सहयोगियों द्वारा ब्लॉक स्तर से लेकर जगह-जगह पौध रोपण का कार्य किया गया, साथ ही जयंती भी मनाई गयी।मुख्यालय पर स्थित राष्ट्रीय किसान विकास महासंघ कार्यालय में जयंती मनाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोकसतीश श्रीवास्तव ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। किसान और कृषि एवं कृषि पर आधारित उद्योग अपने देश की अर्थनीति का मुख्य आधार हैद्य किसान और कृषि के बगैर भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। परंतु जहॉ एक तरफ पूरे विश्व में कृषि क्षेत्र का चैतरफा विकास हो रहा है, वहीं भारत में किसान असहाय बना हुआ है। यह सब देखते हुए श्री सतीश जी ने किसानों में देश के प्रति उनके दायित्व के साथ साथ उनके अधिकारों के लिए जागृती लाने के लिए एक अराजनैतिक संगठन की जरूरत महसूस करते हुए राष्ट्रीय किसान विकास महासंघ, इस अराजनैतिक व राष्ट्रवादी संगठन की स्थापना की। मै सर्वप्रथम संस्था के सभी सदस्यों को बहुत बहुत बधाई देता हूँ इस सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु।स्नातक एमएलसी प्रत्याशी अजय श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय किसान विकास महासंघ के संस्थापक अध्यक्ष की जयंती पर उनको नमन करते हुए उनके जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी गण एवं जिला अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, धर्मेंद्र भारती, लवकुश सरोज ने अपने विचार व्यक्त किये एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

## बसों के लिए इंतजार में परेशान रहे यात्री

**प्रतापगढ़।** सहालग की रफ्तार धीमी होने के बाद भी बसों के लिए यात्री जूझते दिखाई दे रहे हैं। रविवार सुबह करीब आठ बजे से ही रोडवेज डिपो पर बसों का टोटा दिखा। बड़ी संख्या में यात्री बस का इंतजार कर रहे थे, लेकिन उनके जाने के लिए कोई बस नहीं थी। प्रयागराज, लखनऊ व गोरखपुर जाने के लिए यात्री इधर-उधर भटकते रहे। हालांकि डिपो के जिम्मेदार दावा कर रहे हैं कि नियमित अंतराल पर हर रूट की बसें संचालित हो रही हैं। स्टेशन इंचार्ज श्रीराम स्वर्णकार ने बताया कि सहालग के कारण यात्रियों की संख्या बढ़ गई और प्रत्येक यात्री को जल्दबाजी रहती है। ऐसे में लोग बैठकर इंतजार करने के स्थान पर इधर-उधर भटकते रहते हैं।


खुशी मनाते अधिवक्तागण।

## पूर्व अध्यक्ष पर दायर याचिका में पारित पूर्व आदेश वापस लिए जाने से अधिवक्ताओं में खुशी

**प्रतापगढ़।** बार काउन्सिल आफ उ.प्र. की अदालत मे दायर याचिका मे पारित पूर्व आदेश वापस लिए जाने पर अधिवक्ताओं मे खुशी । बता दें कि सांगीपुर क्षेत्र की सुकन्या शुक्ला ने बार काउन्सिल आफ युपी मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र पर आरोप लगाते हुए याचिका दायर किया था कि उन्होने पद पर रहते हुए साथी अधिवक्ता राजीव त्रिपाठी के भूमिगत मामले मे हस्तक्षेप कर सहयोग करते हुए जबरिया भूमि दिलाने मे मदद किया था । मामले मे बार काउन्सिल आफ युपी ने सुनवाई करते हुए मामले मे पारित पूर्व आदेश को वापस ले लिया जिससे वर्तमान अध्यक्ष अनिल शुक्ल ( महेश ) राजीव त्रिपाठी,गुड्डू शुक्ल, संदीप सिंह, पुनीत मिश्र, राजेन्द्र मिश्र ,राममोहन ,धनश्याम मिश्र, दिनेश मिश्र, असलम भाई, आशीष त्रिपाठी सहित तहसील के तमाम अधिवक्ताओं ने खुशी का इजहार करते हुए एक - दूसरे का मुंह मीठा कराया।


## लाठी-डंडे से लैश होकर घर घेरा, कब्जे की कोशिश

**कुंडा प्रतापगढ़।** घर घेरकर रास्ते पर कब्जा करने की कोशिश की गई। लोगों ने विरोध किया तो गालीगलौच कर लाठी-डंडे से लैश विपक्षी मारपीट करने पर आमादा हो गए। पुलिस को देखकर आरोपित भाग निकले। पुलिस ने रास्ते में रखी गई लकड़ियों को हटवाकर उसे कब्जामुक्त कराया।नवाबगंज थाना क्षेत्र के खास परियावां के रहने वाले रियाज अहमद सेना से रिटायर हुए हैं। काफी दिन से बीमार चल रहे हैं। उनका कहना है कि घर के सामने उनकी पुश्तैनी जमीन है। उसमें एक कुंआ है। उसी के बगल से रियाज ने आने-जाने का रस्ता निकाला है। उस रास्ते पर पड़ोस के कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। करीब एक हफ्ते पहले आरोपितों ने रियाज को रास्ते में रोककर मारापीटा था। रविवार सुबह विपक्षी दर्जनभर की संख्या में रियाज के दरवाजे पर पहुंच गए। दबंगई करते हुए रास्ते पर लकड़ी रखकर कब्जा करने लगे।रियाज के घर मौजूद महिलाओं ने इसका विरोध किया तो आरोपित लड़ने पर आमादा हो गए। पीड़ित पक्ष के मुताबिक घर घेरकर खड़े विपक्षी लाठी-डंडे से लैश थे। आरोपितों ने भारी मात्रा में लकड़ी लाकर रास्ते पर रख दी। इस बीच रियाज के भाई नसीम ने पुलिस को फोन पर सूचना दी।

एसओ नवाबगंज फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस देखकर आरोपित मौके से फरार हो गए। पुलिस ने रास्ते से लकड़ी हटवाकर कब्जामुक्त कराया। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को थाने पर बुलाया। रियाज का कहना है कि आरोपित दबंग हैं। कभी भी उन पर या घर के लोगों पर हमला कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग भी की है।

## राजकुमारी रत्ना सिंह और युवराज भुवन्यू सिंह के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने किया प्रतिभाग

**प्रतापगढ़।** भाजपा रामपुर खास के रामपुर संग्रामगढ़ मण्डल में मोहम्मद पुर ,नरई में मण्डल उपाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह के निवास पर कार्यकताओं को आपसी मेल मिलाप के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।मण्डल के समस्त कार्यकताओं के सहभाग से कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ।कार्यक्रम में समस्त कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कार्यकताओं को आपसी सम्बन्धों को और मजबूत करते हुए मिलजुलकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा किसान बिल पर उसके फायदे गिनाते हुए विपक्ष के द्वारा भ्रम फैलाने के कृत्य को जन जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकुमारी रत्ना सिंह ने सभी कार्यकताओं का कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी महाराज के द्वारा किये जा रहे विकास को लोगों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पंचायत चुनाव में पार्टी के कार्यकताओं को और मजबूती दिखाते हुए संकल्पित भाव से लग कर पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जिताने के लिए तैयार होने पर जोर दिया। कार्यक्रम के समापन पर बोलते हुए युवराज भुवन्यू सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि मैं आपके साथ मिल - जुलकर भाजपा को रामपुर खास में मजबूत करने काम कर रहा हूं। आपका ऐसे ही सहयोग मिलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब आपके संघर्षो से रामपुर खास भाजपा का गढ़ बोला जाएगा। मैं आपका अपना हूँ आपके हर सुख दुःख में मैं सदैव आपके साथ खड़ा मिलूंगा। कार्यक्रम में कार्यकताओं को सम्बोधित करने वाले वक्ताओं में जिला महामंत्री पवन गौतम जी,कमलेश गिरी जी,विनोद मिश्र जी आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित सिंह मण्डल अध्यक्ष ने किया ।आयोजन सुरेशकुमार सिंह प्रधानाचार्य एंव सेक्टर प्रभारी रामपुर के सौजन्य में हुआ।


कार्यकर्ताओं की बीच राजकुमारी रत्ना सिंह व साथ में भुवन्यू सिंह।

## विपक्ष हताशा में किसानों को कर रहा गुमराह : भाजपा

**लालगंज प्रतापगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा की रविवार को लक्ष्मणपुर में बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान बिल को कृषकों के हित में करार देते हुए विपक्षी दलों के द्वारा बिल को लेकर भ्रम फैलाए जाने की आलोचना की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष बाबा अमरनाथ शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने किसानों के हित में कानून लाकर आय दो गुनी किए जाने का बड़ा कदम उठाया है। उन्होने कहा कि विपक्ष हताशा में किसान बिल को लेकर भ्रम फैला रहा है। जिलाध्यक्ष ने पिछली सरकारों द्वारा किसानों के उत्पीड़न तथा उनके हक के साथ खिलवाड़ का आरोप भी लगाया। संचालन मुरलीधर उपाध्याय ने किया। इस मौके पर अशोक शुक्ला, अमृतलाल सरोज, सुरेश शुक्ल, जयप्रकाश शुक्ल, सोमेंद्र गिरी, मनोज दुबे, शशांक चतुवेर्दी, अंकुर तिवारी आदि रहे।

## सड़क पर अवैद्य रुप से खड़े वाहनों को पुलिस ने हटवाया

**खबर का असर**

**सड़क पर अवैद्य रुप से वाहनों के खड़ा होने से बनती थी जाम की स्थिति, दुर्घटनाओं के होने की बनी रहती थी आशंका**

**खबर चला तो जिम्मेदारों मे मची खलबली**

**प्रतापगढ़।** सड़क यातायात परिवहन के नियमानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर अधिक समय तक या कई दिनों तक भीड़भाड़ अथवा सार्वजनिक स्थान पर वाहन को खड़ा करना कानूनन जुर्म है और यातायात अधिनियम का उल्लंघन भी है, क्योंकि इससे एक तरफ जहां पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है वहीं पर दुर्घटनाओं के होने के आसार भी बढ़ जाते हैं । लालगंज नगर के क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने से लेकर तहसील परिसर तक पुलिस विभाग एंव आर टी ओ प्रतापगढ़ द्वारा अवैद्य रुप से सड़क पर ही आधा दर्जन से अधिक एक्सीडेन्टल एवं चालान किए गए गाड़ियों को खड़ा करा दिये जाने से तहसील व कोतवाली मे आने वाले फरियादियों से लेकर राहगीरों को अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसको लेकर समाचार पत्र ने प्रमुखता से दिया मामले को स्थान जिसके बाद हरकत मे आया विभाग और क्षेत्राधिकारी जगमोहन सिंह के आदेश पर लालगंज मे कोतवाली के आस - पास से हटवाए गए वाहन तथा एस आई सचिन पटेल ने भी सगरासुन्दरपुर मे भी सड़क पर अवैद्य रुप से खड़े वाहन चालकों को सख्त हिदायत देते हुए हटवायी गाड़ियां तो स्थानीय दुकानदारों व राहगीरों ने मीडिया के साथ - साथ पुलिस विभाग का किया शुक्रिया।

## जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी 22 दिसम्बर तक करें आवेदन

**प्रतापागढ़।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार झा ने अवगत कराया है कि जनपद प्रतापगढ़ में स्थायी लोक अदालत में पेशकार के एक पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के कार्यालय 22 दिसम्बर 2020 तक सायं 5 बजे तक कर सकते है। उन्होने बताया है कि जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत्त कर्मचारी का अधिकतम 02 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय रुपए 9000 पर अनुबन्धित करने हेतु है। आवेदन पर अभ्यर्थी का नाम, फोटो, पता, जन्मतिथि, सेवानिवृत्त की तिथि, विभाग का नाम जहां से सेवानिवृत्त हुये, पहचान पत्र (यथा आधार कार्ड, वोटर कार्ड आदि), मोबाइल नम्बर अंकित होना चाहिये। केवल वही व्यक्ति आवेदन करें जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो।

## संस्कार तथा चरित्र ही भारतीय संस्कृति का गौरव : देवानन्द मिश्र

**लालगंज प्रतापगढ़।** क्षेत्र के नोती स्थित श्री परांकुश संस्कृत महाविद्यालय में रविवार को ढ़ाई दर्जन वटुकों का वैदिक मंत्रोचारण के मध्य तृतीय सामूहिक उपनयन संस्कार संपन्न हुआ। उपनयन संस्कार में पहुंची ग्रामीण महिलाओं ने वटुकों को भीखी की परम्परा के तहत नेक व आशीर्वाद भी प्रदान करती दिखीं। वहीं आचार्य समूह ने मंत्र उच्चारण के मध्य वटुकों के दीर्घ जीवन तथा जीवन पथ के सुयश को लेकर शुभाषीस सौंपा। सामूहिक उपनयन संस्कार को लेकर वटुकों के चेहरे भी खिले दिखे। वहीं वटुक समूह ने भारतीय संस्कृति के सुरक्षा व संवर्धन का सामूहिक प्रतिज्ञान भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य देवानन्द मिश्र ने वटुकों से चरित्र तथा संस्कार के प्रति सदैव समर्पित रहने एवं राष्ट्र सेवा के बोध कराए। बतौर विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत लालगंज चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि उपनयन संस्कार भारतीय संस्कृति का वैभव है। उन्होने भी वटुकों से राष्ट्र धर्म के प्रति जागरूक भूमिका का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य पं. पारसनाथ त्रिपाठी ने किया। संयोजक रामकुमार पांडेय तथा शैलेंद्र ने सामूहिक उपनयन संस्कार की उपादेयता पर प्रकाश डाला। संचालन आचार्य विनीत मिश्र ने किया। वटुक समूह की ओर से अर्जुन त्रिपाठी, शिवम मिश्रा, गौरव द्विवेदी, सत्यम शुक्ला, सरस तिवारी, ललित पांडेय, प्रशांत, कुलदीप, प्रणव मिश्र, शुभांशु, अंकुश शुक्ला आदि ने वैदिक स्वागत तथा उपनयन गीत की प्रस्तुति दी। आभार प्रदर्शन प्रबंधक रामलखन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर नंदलाल त्रिपाठी, यज्ञनारायण भारद्वाज, हनुमान प्रसाद तिवारी, अरूण कुमार द्विवेदी, प्रमोद कुमार पांडेय, विद्याशंकर शुक्ल, आचार्य बालकृष्ण शुक्ल, कुलदीप शुक्ल, शिवशंकर तिवारी, संतोष कुमार मिश्र, मोनू तिवारी आदि रहे।

## हादसे में घायल महिला ने दम तोड़ा

**कुंडा प्रतापगढ़।** सड़क हादसे में घायल महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। महिला के पति व बेटी का इलाज लखनऊ में चल रहा है।नवाबगंज थाना क्षेत्र के झोकवारा के सुमंत सिंह (42) आठ दिसंबर को शाम करीब चार बजे बाइक से अपनी पत्नी वंदना सिंह (38) और बेटी अरना सिंह (6) के साथ शादी समारोह में शामिल होने रायबरेली जा रहे थे। प्रयागराज-लखनऊ हाईवे स्थित ब्रहमौली चैराहा के पास पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी थी। तीनों को गंभीर चोटें आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद हालत खराब होने पर तीनों को मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर लखनऊ ले जाया गया। शनिवार देर रात वंदना की मौत हो गई। बाकी दोनों लोगों की हालत गंभीर बनी है। इलाज चल रहा है।

# बेकाबू कार पलटी, तीन लोग जखमी

**कुंडा प्रतापगढ़।** बेकाबू कार पलटने से तीन लोग घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया।बरेली जनपद के सिटी निवासी खलीकुज्जमा का पुत्र शारिक सिद्दीकी (30) शनिवार को कुंडा क्षेत्र के अघिया निवासी करीबी दोस्त मो. रिजवान (34) पुत्र शमीम अहमद के घर आया था। वहां से बाघराय निवासी जबबुल (30) पुत्र रहीम के साथ दोनों रविवार को सुबह करीब पांच बजे हीरागंज की तरफ जा रहे थे। कुंडा-डेरवा मार्ग पर ताजपुर के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार तीनों लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी कुंडा में भर्ती कराया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को घर भेज दिया गया। हादसे में कार भी क्षतिग्रस्त हो गई।


बेकाबू पलटी कार व लोगों की भीड़।

## मासूम की मौत, कोहराम

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली के देवापुर अर्जुनपुर निवासी राजबहादुर सरोज का छह वर्षीय बेटा रिंकू सरोज शनिवार शाम को घर के बगल खेल रहा था। वही प्राथमिक विद्यालय के समीप ही यूकेलिप्टस का पेड़ कट रहा था। अचानक पेड़ की एक भारी भरकम डाल विद्युत तार पर जा गिर पड़ी। इससे वहां लगा विद्युत पोल टूट गया। खेल रहा मासूम रिंकू पोल गिरने से गम्भीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही बदहवास परिजन मौके पर पहुंचे और रिंकू को आनन फानन में लालगंज सीएचसी इलाज के लिए ले आए। यहां से हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे चिकित्सकों ने देर रात्रि को प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। रास्ते में मासूम ने दम तोड़ दिया। मासूम की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया।